(15)

# बिहार सरकार
# निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांकः :–एम–01–03/2021–3272 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2021 ई0।

प्रेषक,

मिथिलेश कुमार साहु,
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

सेवा में,

श्री प्रफुल्ल अवस्थी,
अवर सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग,
निर्वाचन सदन, अशोक रोड,
नई दिल्ली– 110001.

विषयः– बिहार विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा विधान परिषद् का उप निर्वाचन, 2021– बिहार राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना का प्रेषण।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–100/ECI/LET/FUNC/BR-LC-MLA/04/BIEN/2021 दिनांक 09.09.2021

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में बिहार विधान परिषद् का उप निर्वाचन, 2021 की दो अधिसूचनाओ का प्रकाशन बिहार राजपत्र के दिनांक 15.09.2021 के असाधारण अंक में कर दिया गया है। उक्त अधिसूचनाओं की 2–2 (दो–दो) प्रतियाँ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

कृपया प्राप्ति स्वीकार की जाये।

अनु० :– यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

ज्ञापांक–एम–01–03/2021–3272 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2021 ई०।

प्रतिलिपिः– निर्वाची पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् उप निर्वाचन, 2021–सह–आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना /सहायक निर्वाची पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् उप निर्वाचन, 2021–श्री धीरेन्द्र कुमार झा, उप निदेशक, खाद्य,पटना प्रमंडल, पटना/ सहायक निर्वाची पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् उप निर्वाचन, 2021– श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव, अपर समाहर्त्ता, पटना/ सहायक निर्वाची पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् उप निर्वाचन, 2021– श्री पवन कुमार सिन्हा, उप सचिव, बिहार विधान सभा/निदेशक, बिहार विधान सभा, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

(14)

ज्ञापांक–एम–01–03/2021–3272 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2021 ई०।

प्रतिलिपिः– महामहिम राज्यपाल, बिहार के प्रधान सचिव/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के सचिव/मुख्य सचिव, बिहार/अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

ज्ञापांकः–एम–01–01/2021–3272 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2021 ई०।

प्रतिलिपिः– श्री सुमन कुमार दास, सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को उनके पत्रांक 100/ECI/LET/FUNC/BR-LC-MLA/04/BIEN/2021 के प्रसंग में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

24 भाद्र 1943 (श0)
(सं0 पटना 785) पटना, बुधवार, 15 सितम्बर 2021

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना
15 सितम्बर 2021

सं० एम–01–03/2021–40—बिहार विधान सभा के सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के लिए निर्वाचित श्री तनवीर अख्तर के मृत्यु के कारण हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से आयोजित किये जाने वाले उप निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या 100/बिहा.–वि.प./04/2021–एम.एल.ए. (1) दिनांक 15.09.2021 (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती हैं।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मिथिलेश कुमार साहु,
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

भारत निर्वाचन आयोग

अधिसूचना

**निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001, दिनांक: 15 सितम्बर, 2021/24 भाद्रपद, 1943 (शक)**

सं० 100/बिहा.-वि.प./04/2021-एम.एल.ए. (1)— यतः, बिहार राज्य की विधान सभा के सदस्यों द्वारा विधान परिषद के लिए निर्वाचित श्री तनवीर अख्तर, का स्थान उनकी पदावधि, जो कि 21.07.2022 सहित उस तारीख तक थी, के समाप्त होने से पूर्व उनकी मृत्यु होने के कारण 09.05.2021 से रिक्त हो गया है; और

यतः, इस प्रकार हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से एक उप निर्वाचन आयोजित किया जाना है;

अतः, अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 151, धारा 39 की उपधारा (1) और धारा 56 के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा:-

(अ) बिहार राज्य के विधान सभा सदस्यों से यह अपेक्षा करता है कि वे 06 अक्तूबर, 2021 (बुधवार) से पूर्व तथा उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों और उनके तहत जारी किए गए आदेशों के उपबन्धों के अनुसार राज्य की विधान परिषद में उक्त रिक्ति को भरने के प्रयोजन से एक व्यक्ति निर्वाचित कर दें;

(आ) उक्त निर्वाचन के संबंध में:-

(क) नाम निर्देशित करने की अन्तिम तारीख – 22 सितम्बर, 2021 (बुधवार);
(ख) नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख – 23 सितम्बर, 2021 (गुरुवार);
(ग) अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अन्तिम तारीख – 27 सितम्बर, 2021 (सोमवार);
(घ) वह तारीख जिसको यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा – 04 अक्तूबर, 2021 (सोमवार); और
(ङ.) वह तारीख जिससे पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा – 06 अक्तूबर, 2021 (बुधवार); नियत करता है; और

(इ) 09:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक का समय उस समय के रूप में नियत करता है जिसको, यदि आवश्यक हुआ तो, विनिर्दिष्ट तारीख को मतदान होगा।

आदेश से,
सुमन कुमार दास,
सचिव।

## ELECTION COMMISSION OF INDIA

**NOTIFICATION**

*Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001 Dated: 15th September, 2021 / 24, Bhadrapada, 1943 (Saka)*

No.100/BR-LC/04/2021-MLA (1): - Whereas, the seat of **Sh. Tanveer Akhtar** in the Legislative Council of the State of Bihar, elected by the members of the Legislative Assembly of the State, has become vacant on 09.05.2021 by the reason of his death, before the expiration of his term of office which was up to and including 21.07.2022; and

WHEREAS, a bye-election is to be held for the purpose of filling the vacancy so caused;

NOW, THEREFORE, in pursuance of Section 151, sub-section (1) of Section 39 and Section 56 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election Commission of India hereby-

(A) calls upon the members of the Legislative Assembly of the State of Bihar to elect, before **06th October, 2021 (Wednesday)**, and in accordance with the provisions of the said Act and of the rules and orders made thereunder, a person for the purpose of filling the said vacancy in the Legislative Council of the State;

(B) appoints, with respect to the said election;

(a) the 22nd September, 2021 (Wednesday), as the last date for making nominations;

(b) the 23rd September, 2021 (Thursday), as the date for the scrutiny of the nominations;

(c) the 27th September, 2021 (Monday), as the last date for the withdrawal of candidatures;

(d) the 04th October, 2021 (Monday), as the date on which a poll shall, if necessary, be taken; and

(e) the 06th October, 2021 (Wednesday), as the date before which the election shall be completed; and

(C) fixes the hours from 09:00 am to 04:00 pm, as the hours during which the poll shall, if necessary, be taken on the date specified above for the election.

By order,
**SUMAN KUMAR DAS,**
**SECRETARY.**

---

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 785-571+50-डी0टी0पी0
Website: http://egazette.bih.nic.in

निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

24 भाद्र 1943 (श0)
(सं0 पटना 786) पटना, बुधवार, 15 सितम्बर 2021

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना
15 सितम्बर 2021

सं० एम–01–03/2021–41——बिहार विधान सभा के सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के लिए निर्वाचित श्री तनवीर अख्तर के मृत्यु के कारण हुई रिक्ति को भरने के प्रयोजन से आयोजित किये जाने वाले उप निर्वाचन कार्यक्रम हेतु रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में पदाभिहित अधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त अधिकारी से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली की अधिसूचना 100/बिहा.–वि.प./04 /2021–एम.एल.ए. (2) दिनांक 15.09.2021 (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती हैं।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मिथिलेश कुमार साहु,
संयुक्त सचिव–सह–
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

## भारत निर्वाचन आयोग

अधिसूचना

**निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001,** दिनांकः 15 सितम्बर, 2021/24 भाद्रपद, 1943 (शक)

सं० 100/बिहा.-वि.प./04/2021-एम.एल.ए. (2)—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (1951 का 43) की धारा 21 के अनुसरण में और धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग, बिहार राज्य सरकार के परामर्श से दिनांक 15 सितम्बर, 2021 को राज्य के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आयोग की अधिसूचना के अनुसरण में इस राज्य की विधान सभा के सदस्यों द्वारा बिहार राज्य की विधान परिषद के होने वाले उप निर्वाचन के संबंध में, एतद्द्वारा:-

(i) नीचे की सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट अधिकारी को रिटर्निंग आफिसर के रूप में पदाभिहित करता है; और

(ii) उक्त सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट अधिकारियों को रिटर्निंग आफिसर की उसके कृत्यों के पालन में सहायता के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त करता है।

**सारणी**

| रिटर्निंग आफिसर के रूप में पदाभिहित अधिकारी | सहायक रिटर्निंग आफिसर के रूप में नियुक्त अधिकारी |
|---|---|
| (1) | (2) |
| श्री संजय कुमार अग्रवाल, आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना | (i) श्री धीरेन्द्र कुमार झा, उप निदेशक, खाद्य, पटना प्रमंडल, पटना<br>(ii) श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव, अपर समाहर्त्ता, पटना<br>(iii) श्री पवन कुमार सिन्हा, उप सचिव, बिहार विधान सभा |

आदेश से,

सुमन कुमार दास,

सचिव।

## ELECTION COMMISSION OF INDIA

NOTIFICATION

*Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001 Dated: 15th September, 2021 / 24, Bhadrapada, 1943 (Saka)*

No.100/BR-LC/04/2021-MLA (2): - In pursuance of Section 21, and in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election Commission of India, in consultation with the Government of the State of Bihar, hereby: -

(i) designates the officer, specified in column (1) of the TABLE below, to be the Returning Officer, and

(ii) appoints the officers, specified in column (2) of the said TABLE, to be the Assistant Returning Officer to assist the Returning officer in the performance of his functions;

in respect of bye-election to the Legislative Council of the State of Bihar by the members of the Legislative Assembly of the State, to be held in pursuance of the Commission's Notification published in the official Gazette of the State on 15.09.2021: -

*TABLE*

| Officer designated as Returning Officer | Officers appointed as Assistant Returning Officer |
|---|---|
| 1 | 2 |
| Sh. Sanjay Kumar Agrawal, Commissioner, Patna Division, Patna | (i) Sh. Dhirendra Kumar Jha, Deputy Director, Food, Patna Division, Patna<br>(ii) Sh. Rajeev Kumar Srivastava, Additional Collector, Patna<br>(iii) Sh. Pawan Kumar Sinha, Deputy Secretary, Bihar Legislative Assembly, Patna |

By order,
**SUMAN KUMAR DAS,**
**SECRETARY.**

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 786-571+50-डी०टी०पी०
Website: http://egazette.bih.nic.in